**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी शिमला**
**06.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

## " मुख्य समाचार"

- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने प्रदेश विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए नशामुक्ति शपथ पर दिया बल।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–प्रदेश में 12वीं कक्षा के बाद बीएड पाठ्यक्रम शुरू करने पर विचार कर रही है सरकार।
- राष्ट्रीय भाजपा अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने बिलासपुर में किया पार्टी के जिला कार्यालय का शिलान्यास–कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला।
- हिमस्खलन प्रभावित पांगी घाटी के कुमार गांव में हैलीकॉप्टर से पहुंचाई आवश्यक सामग्री–लोगों ने सरकार व प्रशासन का जताया आभार।

**अब समाचार विस्तार से...........**

### राज्यपाल

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में इस सत्र से प्रवेश के समय विद्यार्थियों को नशा न करने का शपथ पत्र भरना होगा। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज विश्व विद्यालय की 35वीं कोर्ट बैठक की अध्यक्षता करते हुए ये बात कही। उन्होंने कहा कि इसके अलावा विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अभिभावकों को भी पत्र लिखकर या ईमेल के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। राज्यपाल ने कहा कि नशा एक गम्भीर समस्या है जिसके लिए कॉलेज स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रदेश विश्वविद्यालय को पुर्नप्रतिष्ठापित करने के लिए मिलकर प्रयास करने की जरूरत बताई। बैठक में राज्यपाल ने वर्ष 2021–22 और 2022–23 की वार्षिक रिपोर्ट को अनुमोदित किया और वर्ष 2018–19 का वार्षिक लेखा भी अनुमोदित किया। उन्होंने कोर्ट की बैठक में सदस्यों की अनुपस्थिति पर चिंता जताई।

### सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार 12वीं कक्षा के बाद सीधे बीएड कोर्स शुरू करने पर विचार कर रही है। वह आज शिमला में निजी कॉलेज के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सरकार ने युवाओं को कौशलयुक्त बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा स्टोरेज जैसे नए पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। उन्होंने कॉलेज के मेधावी छात्रों के लिए पांच लाख रुपये देने की घोषणा की। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने नशे जैसी सामाजिक बुराई को खत्म करने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

### विधानसभा अध्यक्ष

प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 10 मार्च से शिमला में शुरू हो रहा है। बजट सत्र को लेकर प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि 28 मार्च तक चलने वाले इस बजट सत्र में करीब 15 बैठकें होंगी। उन्होंने बताया कि विधानसभा सत्र में अधिक काम को देखते हुए इस बार शनिवार को भी सदन की कार्यवाही चलेगी।

विधानसभा अध्यक्ष ने आज बजट सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को इस संबंध में जरूरी दिशा निर्देश भी दिए।

**शांडिल**

स्वास्थ्य व सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। वे आज कण्डाघाट उपमण्डल की ममलीग पंचायत के धायावाल में भूतपूर्व सैनिक लीग सायरी ममलीग के सैनिक समुदायिक भवन की आधारशिला रखने के बाद जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। शांडिल ने इस भवन के निर्माण के लिए पहली किश्त के तौर पर 5 लाख रूपए देने की घोषणा की और भविष्य में इसके लिए धन की कमी नहीं आने देने का आश्वासन दिया।

**चन्द्र कुमार**

कृषि व पशुपालन मंत्री चन्द्र कुमार ने कहा है कि प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण और विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। वे आज ज्वाली विधानसभा क्षेत्र के तहत नगरोटा सूरियां व कोटला में जनसमस्याएं सुनने के मौके पर बोल रहे थे। चन्द्र कुमार ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की हैं जिनसे वे समानता, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हैं।

**गोमा**

आयुष व युवा सेवाएं व खेल मंत्री यादविन्द्र गोमा ने आज जयसिंहपुर क्षेत्र के कंवर दुर्गाचन्द राजकीय महाविद्यालय के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यतिथि भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय के शिक्षा व खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया। यादविन्द्र गोमा ने महाविद्यालय परिसर में एक्यूप्रैशर ट्रैक के निर्माण के लिए 10 लाख रूपए की धनराशि देने की घोषणा की।

**चिंतपूर्णी**

प्रदेश सरकार ने ऊना जिला के माता चिंतपूर्णी मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए 56 करोड़ 67 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की है। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री के आदेशों की अनुपालना करते हुए ये धनराशि स्वीकृत की गई है ताकि श्रद्धालुओं को आधारभूत सुविधाएं भी उपलब्ध हो सके।

**जगत प्रकाश नड्डा**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर आज बिलासपुर पहुंचे जहां उनका पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान जगत प्रकाश नड्डा ने बिलासपुर के जबली में बिरोजा फैक्ट्री के समीप भाजपा के जिला कार्यालय भवन दीपकमल का शिलान्यास किया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सहप्रभारी संजय टंडन, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और विधायक त्रिलोक जम्वाल, जीतराम कटवाल व रणधीर शर्मा मौजूद रहे। इस अवसर पर जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी मानसिक दिवालीयेपन के दौर से गुजर रही है और कांग्रेस पार्टी केवल एक परिवार पर आधारित पार्टी है जिसके पास किसी प्रकार का सिद्धांत नहीं है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रदेश सरकार पर केन्द्र से मकान व सड़क निर्माण के लिए भेजी गई धनराशि को वेतन और पैंशन पर इस्तेमाल करने का आरोप भी लगाया।

नड्डा ने कहा कि हिमाचल में आई आपदा के समय भी कांग्रेस के किसी भी राष्ट्रीय नेता ने लोगों का हाल नहीं पूछा जबकि उन्होंने और अनुराग ठाकुर ने हिमाचल आकर आपदा के समय लोगों का कुशलक्षेम पूछा और उन्हें केन्द्र की तरफ से मदद भी दिलाई। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में वर्तमान सरकार राम–भरोसे चल रही है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि हिमाचल में आयुष्मान भारत के अंतर्गत 3 सौ 55 करोड़ रूपए की अभी भी देनदारी है। इस बीच जे.पी. नड्डा कल 7 मार्च को बिलासपुर स्थित एम्स में पैट स्कैन, 2 सौ 50 बिस्तरों के विश्राम सदन सहित अन्य सुविधाओं का शुभारम्भ करेंगे।

**राहत सामग्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के निर्देशानुसार चंबा जिला प्रशासन और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने आज चंबा जिले की पांगी तहसील के हिमस्खलन प्रभावित कुमार गांव को हेलीकॉप्टर के माध्यम से आवश्यक सामग्री पहुंचाई। प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि कुमार गांव में हिमस्खलन होने से यहां की सड़कें व अन्य सम्पर्क सुविधाएं अवरूद्ध हो गई हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं जिला प्रशासन से सम्पर्क में रहकर निरंतर स्थिति का जायजा ले रहे हैं और उन्होंने जिला प्रशासन को प्रभावित लोगों की कठिनाइयां दूर करने के लिए हर सम्भव सहायता करने को कहा है। इस बीच इस राहत के लिए प्रभावित लोगों व पंगवाल एकता मंच पांगी के अध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर ने आवासीय आयुक्त पांगी और केन्द्र व राज्य सरकार का आभार जताया है।

**संघ**

राज्य पथ परिवहन निगम की चालक व परिचालक यूनियन पिछले कई दिनों से वित्तीय देनदारियों को अदा न करने और सरकार की वादा खिलाफी के विरोध में आंदोलनरत है। यूनियन के अध्यक्ष मान सिंह ठाकुर ने आज शिमला में कहा कि अगर 9 मार्च तक उनकी मांगे नहीं मानी गई तो 72 घंटे के लिए चक्का जाम किया जाएगा।

## "मुख्य समाचार एक बार फिर"

- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने प्रदेश विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए नशामुक्ति शपथ पर दिया बल।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–प्रदेश में 12वीं कक्षा के बाद बीएड पाठ्यक्रम शुरू करने पर विचार कर रही है सरकार।
- राष्ट्रीय भाजपा अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने बिलासपुर में किया पार्टी के जिला कार्यालय का शिलान्यास–कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला।
- हिमस्खलन प्रभावित पांगी घाटी के कुमार गांव में हैलीकॉप्टर से पहुंचाई आवश्यक सामग्री–लोगों ने सरकार व प्रशासन का जताया आभार।